भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2658

11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

रक्त लिपिड संबंधी आईसीएमआर इंडिया बी के राष्ट्रीय आँकड़ें

2658. श्री दिलीप राय:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आईसीएमआर-इंडिया बी ने हाल ही में रक्त प्रवाह और रक्त ऊतकों में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स सहित वसा युक्त रक्त लिपिड पर राष्ट्रीय आँकड़ें प्रकाशित किए हैं;

(ख) क्या ग्लाइसेमिक स्थिति, मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं बहुत आम थी और शहरी रक्त नमूनों के आंकड़ों में पाई गईं थी;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रक्त नमूनों में शामिल ज्यादातर वयस्कों को प्रभावित करने वाली सबसे आम असामान्यता "गुड कोलेस्ट्रॉल अथवा एचडीएल",जो सुरक्षात्मक कोलेस्ट्रॉल है और रक्त प्रवाह से वसा को हटाने में मदद करता है, से जुड़ी थी;

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) इस समस्या से निपटने के लिए सरकार की रूपरेखा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने सूचित किया है कि उसने हाल ही में लिपिड के संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले आंकडे़ प्रकाशित किए हैं, जिनमें लिपिड असामान्यताओं की व्याप्तता जैसे हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, हाइपरट्राइग्लिसराइडिमिया, कम एचडीएल-कोलेस्ट्रॉल, उच्च एलडीएल-कोलेस्ट्रोल आदि शामिल हैं।

(ख) और (ग): आईसीएमआर ने यह भी सूचित किया है कि भारत में मधुमेह, मोटापा और उच्च रक्तचाप की स्थिति ग्रामीण आबादी की तुलना में शहरी क्षेत्रों में अधिक बढ़ रही है। मधुमेह, मोटापे और उच्च रक्तचाप की भारित व्याप्तता अनुलग्नक-I में दी गई है।

(घ) और (ङ): भारतीय वयस्कों में सबसे आम लिपिड असामान्यता कम एचडीएल कोलेस्ट्रॉल की है, जो 66.8% आबादी को प्रभावित करती है। ग्रामीण क्षेत्रों (65.6%) की तुलना में शहरी क्षेत्रों (69.3%) में इसका प्रसार अधिक है। आईसीएमआर-इंडियाबी अध्ययन से कम एचडीएल-कोलेस्ट्रॉल सहित डिस्लिपिडेमिया की क्षेत्रवार व्यापकता अनुलग्नक-II में दी गई है।

(च): सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के माध्यम से डिस्लिपिडेमिया (एक प्रमुख हृदयवाहिका जोखिम कारक के रूप में) का समाधान कर रही है । इस रोडमैप के प्रमुख घटकों में 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों के लिए सामान्य एनसीडी (डिस्लिपिडेमिया से जुड़े जोखिम कारकों सहित) के लिए जनसंख्या आधारित जांच, स्वास्थ्य संवर्धन और जीवन शैली हस्तक्षेप (आहार, शारीरिक गतिविधि, तंबाकू/अल्कोहल नियंत्रण), शीघ्र निदान, प्रबंधन और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए जिला और सीएचसी स्तरों पर एनसीडी क्लीनिकों का सुदृढ़ीकरण, संबंधित स्थितियों (मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय रोग) का समेकन, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं का क्षमता निर्माण और सामान्य एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय बहुक्षेत्रीय कार्य योजना के तहत बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई।

*****

अनुलग्नक-I

आईसीएमआर के अध्ययन के अनुसार मधुमेह, मोटापा और उच्च रक्तचाप की भारित व्यापकता

व्यापकता	शहरी	ग्रामीण	कुल मिलाकर
मधुमेह	16.40 %	8.90%	11.40%
सामान्यीकृत मोटापा (बीएमआई ≥25 किग्रा/वर्ग मीटर)	39.60 %	23.10 %	28.60%
पेट का मोटापा (कमर ≥90 सेमी [पुरुष], ≥80 सेमी [महिलाएं])	51.60 %	33.50 %	39.50%
उच्च रक्तचाप	40.70 %	33.00 %	35.50%

अनुलग्नक-II

आईसीएमआर-इंडियाबी अध्ययन से डिस्लिपिडेमिया की क्षेत्रवार व्यापकता

व्यापकता (%)	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	मध्य	उत्तर पूर्व
हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया	18	30.9	28.2	24.3	21.7	13.8
हाइपरट्रिग्लिसराइडिमिया	23	26.8	32.7	31	24.6	32
कम एचडीएल कोलेस्ट्रॉल	67.8	65.1	63	70	69.1	67.4
उच्च एलडीएल कोलेस्ट्रॉल	42.4	61.1	58.4	55	51.9	35.4
डिस्लिपिडेमिया	85.8	87.8	88.8	89.1	89.1	85.3

मूल्यों को भारित प्रसार के रूप में प्रस्तुत किया **गया** है। डिस्लिपिडेमिया का निदान लिपिड एसोसिएशन ऑफ इंडिया के दिशानिर्देशों का उपयोग करके किया गया था - हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया: कुल कोलेस्ट्रॉल (टीसी) ≥ 200 मिलीग्राम/डीएल; हाइपरट्रिग्लिसराइडेमिया: ट्राइग्लिसराइड्स ≥ 150 मिलीग्राम/डीएल; कम एचडीएल कोलेस्ट्रॉल: एचडीएल-सी < 40 मिलीग्राम/डीएल (पुरुष) और < 50 मिलीग्राम/डीएल (महिलाएं); उच्च एलडीएल कोलेस्ट्रॉल: एलडीएल-सी ≥ 100 मिलीग्राम/डीएल।

क्षेत्र

- उत्तर: चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान
- दक्षिण: आंध्र प्रदेश (अविभाजित), कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु
- पूर्व: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल
- पश्चिम: दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र
- **मध्य:** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश
- पूर्वोत्तर : अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा

*****